# NEWSLETTER

GOLD : 51605
SILVER : 58352
CRUD OIL : 7840

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

30/07/2022


# आगामी सीजन में कॉटन भाव 65 से 70 हजार रूपए हजार के बीच रहने की उम्मीद: *अंकुरभाई काकडिया*

## गुजरात के राजकोट जिले के जाने-माने जिनर अंकुरभाई काकडिया से खास बातचीत



इस साल कॉटन के भाव में बहुत तेजी देखने को मिली, वर्तमान में कॉटन कीमतों में थोडी स्थिरता आई है। लेकिन आने वाले सीजन में इसमें और कमी आने की उम्मीद है। हमारा अनुमान है कि नए सीजन में कॉटन के भाव 65 से 70 हजार के बीच रहेंगे। ये कहना है गुजरात के राजकोट के क्लाडवा इलाके के जाने-माने जिनर अंकुर भाई काकडिया का। अंकुरजी और उनका परिवार 1997 से जिनिंग इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में उनकी 2 जिनिंग फ़ैक्ट्री , बॉम्बे एग्री प्रा. लि. गोंडल में और सी के इंडस्ट्रीज क्लाडवा में है।

## 80 से ज्यादा स्पिनिंग मिल्स है गुजरात में

अंकुर बताते है कि 2005 में जब उन्होंने कारोबार में पदार्पण किया था तब से लेकर 5 साल पहले तक जिनर्स के लिए बॉयर्स तलाशना एक बड़ी समस्या हुआ करती थी। लेकिन पिछले 5 सालों में इंडस्टी ने जिस तेजी से विकास किया है उससे यह समस्या बहुत कम हो गई है। गुजरात के जिनर्स के लिए तो अब यह कोई समस्या ही नहीं है। पिछले 5 सालों में गुजरात में टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने जबरदस्त ग्रोथ की है। 80 से ज्यादा स्पिनिंग मिल्स केवल गुजरात में है। जिसकी वजह से कॉटन की लोकल डिमांड ही बहुत बड़ गई है। पहले गुजरात के जिनर अपने माल को बेचने के लिए एक्सपोर्टर या साउथ पर ही निर्भर थे लेकिन लोकल डिमांड बढ़ने से जिनर्स की यह परेशानी खत्म हो गई है।

## 20 प्रतिशत ज्यादा क्रॉप आने की उम्मीद

हमारे यहां कॉटन की क्वालिटी भी अच्छी है और कॉटन की डिमांड भी बहुत है। राजकोट के कुल सोइंग एरिया में से लगभग 70 से 75 प्रतिशत कॉटन की सोइंग की जाती है। क्वालिटी भी 75 से 77 आरडी के बीच यानी अच्छी होती है। इस साल पिछले साल की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत क्रॉप ज्यादा आनी चाहिए हालांकि यह पूरी तरह आगामी बारिश पर ही निर्भर करेगा।

## कोरोना के बाद स्पिनिंग मिल्स को मिला था फायदा

उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद इंडस्ट्री में यार्न की डिमांड बहुत बढ़ गई थी यही वजह है कि उस वक्त स्पिनिंग मिल्स ने बहुत मुनाफा कमाया था। लेकिन इस इंडस्ट्री में कुछ भी फिक्स नहीं है। वर्तमान में स्थिति यह है कि केवल 40 प्रतिशत स्पिनिंग मिल्स ही चल रही है। हालांकि आने वाले त्यौहारी सीजन से इंडस्ट्री को खासी उम्मीद है।



## युवाओं को सीख

इंडस्ट्री में स्कोप बहुत है। वर्ल्ड में कॉटन की डिमांड बढ़ती जा रही है। स्पिनिंग और विविंग इंडस्टी में रोजगार के भी बहुत अवसर है। तरक्की के बहुत मौके है। युवाओं को चाहिए कि वे मार्केट को समझे और पूरी रिसर्च करके ही इसमें आगे बढ़े।

## पिताजी है मेरे प्रेरणास्त्रोत

मेरी जिंदगी में मेरे पिताजी जादयभाई काकडिया मेरे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहे है। उन्होंने हमेशा मुझसे कहा कि फायदा और नुकसान तो आता-जाता रहेगा। जरूरत है तो केवल मेहनत करने की और समय देने की। काम में समय का क्या महत्व है यह मैंने उन्ही से सीखा।

## किसान की आवाज



जूनागढ़ जिले में स्थित मानावदर में पिछले 17 सालों से कपास की खेती कर रहे जल्पेश पड़ालिया ने बताया कि कॉटन के भाव अच्छे मिल रहे है लेकिन साथ ही कपास की लागत दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। खरपतवार निकालने की मजदूरी दो साल पहले की तुलना में डबल हो गई है। कपास की खेती में इस्तेमाल होने वाले पेस्टिसाइड की कीमतों में भी 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इन सभी कारणों की वजह से लागत बहुत बड़ गई है।

हमने 4 एकड़ में कपास लगाया है प्रति एकड़ की लागत लगभग 25000 रूपए आएगी और संभावित उपज प्रति एकड़ 50 मंड रहने का अनुमान है। बाकि फसल का भविष्य तो बरसात पर ही निर्भर करता है। अभी हमारी फसल 35 दिन की हुई है। जहां तक सरकार से मदद की बात है तो मेरा मानना है कि किसान को किसी भी मदद या सब्सिडी की जरूरत नहीं हैं। उसे केवल अपनी फसल के उचित दाम मिलने चाहिए। किसान की पूरी फसल तय एमएसपी पर बिक जाए इससे ज्यादा किसान कुछ नहीं चाहता।


SIS

सुनहरा अवसर

इंडस्ट्री से जुड़े **40 हजार** से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए अपने बिजनेस की हर जानकारी हमारे माध्यम से पाएं अपने बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा अवसर

जानकारी के लिए संपर्क करें-
9111977771

भा.क.नि. CCI

## सीसीआई ने कसा शिकंजा, देशभर के जिनर्स से जुटाएंगे प्रेसिंग डेटा

कॉटन बेल्स के डेटा में स्पष्टीकरण लाने के उद्देश्य से सीसीआई ने एक अहम कदम उठाया है। जिसके तहत देश भर के जिनर्स से कॉटन बेल्स का प्रेसिंग डेटा कलेक्ट किया जाएगा। 14 जुलाई को टेक्नीकल एडवाइजरी ग्रुप की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि टेक्सटाइल कमीशन ऑफिस कॉटन बेल्स के प्रेसिंग डेटा को कलेक्ट करने की जिम्मदारी लेगा और इस काम में कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया उसकी मदद करेगा।

सीसीआई के एक उच्च अधिकारी ने स्मार्ट इन्फो को बताया कि डेटा कलेक्ट करने के लिए एक ई रजिस्टेशन पोर्टल बनाया जा रहा है। जिसमें जिनर्स को स्वयं को रजिस्ट्रेट करना होगा। उन्होंने बताया कि शुरूआत में यह काम हमारे द्वारा किया जाएगा क्योंकि सीसीआई का नेटवर्क लगभग सभी कॉटन प्रोड्यूसिंग सिटी में है। बाद में इसका एक कानून पारित कर दिया जाएगा तो जिनर्स स्वयं ही अपना प्रेसिंग डेटा पोर्टल पर अपलोड करने लगेंगे।

इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञों की माने तो डेटा कलेक्शन के लिए यह प्रयास काबिले तारीफ है। इससे एक्यूरेट डेटा मिलने की संभावना बढ़ेगी और व्यापार में निर्णय लेने में आसानी होगी। इससे पहले भी प्रेसिंग का डेटा कलेक्ट किया जाता रहा है लेकिन कोई पक्का प्रोसिजर नहीं था जिसकी वजह से हर कोई डेटा उपलब्ध नहीं कराता था लेकिन यदि यह एक्ट बन जाता है तो जिनर्स को अपनी फैक्ट्री का प्रेसिंग डेटा देना ही होगा।

## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

25 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

पिछले कुछ महीनों से शेयर मार्केट में गिरावट का माहौल है जो इस सप्ताह भी जारी रहा। इस गिरावट का असर टेक्स्टाइल कंपनीज के निवेशकों पर भी पड़ा। पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह कुछ टेक्सटाइल कंपनी के शेयर प्राइज में खासी कमी आई है। आइए जानते है बीएससी के मंच पर क्या रही इन कंपनी के शेयर्स की रिपोर्ट-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 302.5 | 314.75 | 290.6 | -2.73% |
| अरविद लिमिटेड | 92.35 | 93.7 | 89.55 | 0.71% |
| वेलसपन इंडिया | 69.8 | 74.05 | 66.95 | -5.48% |
| नितिन स्पिनर्स | 207.65 | 213.75 | 202.45 | -1.84% |
| रेमण्ड | 956 | 975 | 917.4 | -0.30% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 261.6 | 268.95 | 251 | 4.22% |

## जानिए कॉटन मार्केट के लिए कैसा रहा जुलाई महीना

**SMART INFO SERVICES**

**CALL : 91119 77771 - 5**

WEEKLY AND MONTHLY CHART 30.07.2022

| MONTH | 1.07.22 | 8.07.22 | 15.07.22 | 22.07.22 | 29.07.22 | WEEKLY CHANGE | MONTHL CHANGE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ICE COTTON** | | | | | | | |
| DEC | 97.48 | 95.63 | 88.71 | 90.89 | 96.74 | 5.85 | -0.74 |
| MARCH | 93.37 | 91.81 | 84.85 | 87.3 | 93.51 | 6.21 | 0.14 |
| MAY | 90.9 | 89.73 | 83.17 | 85.6 | 92.03 | 6.43 | 1.13 |
| **MCX (BALES)** | | | | | | | |
| JULY | 41430 | 42740 | 42500 | 44560 | 44300 | -260 | 2870 |
| AUG | 38390 | 38600 | 40000 | 42530 | 44960 | 2430 | 6570 |
| OCT | 33550 | 35200 | 33780 | 34700 | 36850 | 2150 | 3300 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | | | | | |
| APRIL | 1638 | 1657 | 1618 | 1624 | 1662 | 38 | 24 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | | | | | |
| AUG | 2677 | 2503 | 2528 | 2669 | 2596 | -73 | -81 |
| SEP | 2730 | 2562 | 2559 | 2650 | 2614 | -36 | -116 |
| **CURRENCY ($)** | | | | | | | |
| INDIAN (Rupee) | 78.95 | 79.25 | 79.88 | 79.85 | 79.25 | -0.6 | 0.3 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 206.5 | 207.504 | 209.152 | 228.316 | 240.094 | 11.778 | 33.594 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.70099 | 6.69508 | 6.75726 | 6.75127 | 6.74429 | -0.00698 | 0.0433 |
| BRAZIL (Real) | 5.33239 | 5.25519 | 5.40779 | 5.49779 | 5.17279 | -0.325 | -0.1596 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.46723 | 1.45475 | 1.47165 | 1.44284 | 1.43089 | -0.01195 | -0.03634 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.407 | 4.42639 | 4.44859 | 4.45309 | 4.45049 | -0.0026 | 0.04349 |
| COTLOOK "A" INDEX | 140.6 | 132.2 | 121.75 | 128.3 | 131.4 | 3.1 | -9.2 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 117.91 | 113.67 | 110.82 | 108.46 | 115.32 | 6.86 | -2.59 |
| USDA SPOT RATE | 110.02 | 107.25 | 101.05 | 104.07 | 107.77 | 3.7 | -2.25 |
| MCX SPOT RATE | 44910 | 42740 | 41310 | 41510 | 43140 | 1630 | -1770 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 16700 | 16000 | 15000 | 18000 | 19200 | 1200 | 2500 |
| GOLD ($) | 1812.9 | 1740.9 | 1706.5 | 1725.3 | 1764 | 38.7 | -48.9 |
| SILVER ($) | 19.623 | 19.242 | 18.637 | 18.512 | 20.335 | 1.823 | 0.712 |
| CRUDE ($) | 108.46 | 104.8 | 97.57 | 95.09 | 98.3 | 3.21 | -10.16 |

जुलाई महीना खत्म होने को है और कॉटन मार्केट में एक बार फिर से तेजी का रूख नजर आ रहा है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज, एमसीएक्स और एनसीडीएक्स जैसे कॉटन के सभी एक्सचेंज मार्केट में कॉटन के भावों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महीने की शुरूआत में आइस कॉटन में मार्च और मई माह के भाव में क्रमशः 0.14 और 0.13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि दिसंबर माह में मंथली चैंज माइनस 0.74 रहा। जबकि तीनों ही माह के वीकली चैंज में 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

एमसीएक्स की बात करें तो जुलाई, अगस्त और अक्टूबर तीनों ही महीनों में कॉटन के भाव में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। जुलाई की शुरूआत में जहां कॉटन के भाव 41430 रूपए थे वहीं मंथ के आखिर में 2870 रूपए बढ़कर 44300 रूपए तक पहुंच गए। अगस्त माह के लिए भाव सबसे ज्यादा 6570 रूपए तक बढ़े और अक्टूबर महीने में 3300 रूपए तक भाव बढ़ गए। एनसीडीएक्स के मंच पर भी कपास के भाव में 24 रूपए की बढ़त हुई।
इस महीने करंसी में डॉलर की स्थिति भारतीय रूपए की तुलना में में 0.3, पाकिस्तनी रूपए में 33.594, चाइनीस युआन में 0.0433 और मलेशियन रिंगिट में 0.04349 मजबूत रहीं जबकि ब्राजील रियल और ऑस्टेलियन डॉलर ने थोड़ी मजबूती दिखाई।